Publication: Gaurav Garima
Date: 07.09.2015
Page:04
Headline:S.F.S Junior College wins Nagpur's Edition of TCS IT Wiz Quiz, will represent the city in Mumbai for the final round

एसएफएस ज्यूनिअर कालेज सेमिनरी हिल्स बने टीसीएस आईटी विज २०१५ के नागपुर संस्करण के विजेता

विजेता मुंबई में राष्ट्रीय फाइनल में शहर का प्रतिनिधित्व करेंगे

नागपुर। शहर के विभिन्न स्कूलों से छात्रों ने टीसीएस आईटी विज जो कि भारत का सबसे बड़ा इंटर स्कूल क्विज होता है के नागपुर संस्करण में हिस्सा लिया जिसे अग्रणी आईटी सेवा प्रदाता कंसल्टिंग एवं बिजनेस सॉल्यूशंस टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज टीसीएस द्वारा शुक्रवार ४ सितंबर को सिविल लायंस स्थित एमएलए हॉस्टल के सामने डॉ. वसंतराव देशपांडे हॉल में आयोजित किया गया। टीसीएस आईटी विज में कक्षा ८-१२ में पढ़ने वाले सभी हाईस्कूल के छात्र हिस्सा ले सकते थे। इसके लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं था।

क्षेत्रीय स्तर के फाइनल में क्विज के ५ राउंड के बाद राहुल भगत और उदित पवार जो एसएफएस ज्यूनियर कॉलेज सेमिनरी हिल्स के है विजेता बने इस वर्ष क्षेत्रीय विजेता को एक.एक आईपैड (एयर आईपैड) दिया गया जबकि उपविजेता बनने वाले अर्चित वेणुगोपाल और संचति खेडकर जो सेंटर पाईंट स्कूल वर्धमाननगर के है को एक-एक आईपैड (मिनी आईपैड) दिया गया साथ ही विशेष रूप से डिजाइन की गई ट्रॉफी और पदक भी प्रदान किया गया। प्रारंभिक दौर की लिखित परीक्षा के बाद क्षेत्रीय स्तर के फाइनल में जगह बनाने वाले ६ प्रतियोगियों को भी टीसीएस की ओर से ढेर सारे पुरस्कार दिए गए जिनमें लैपटॉप बैग हेडफोन से लेकर ब्लूटूथयुक्त सेल्फी स्टिक सिपर और यूएसबी पेनड्राइव शामिल हैं।

टीसीएस के इंटरनल आईटी एवं शेयर्ड सर्विसेज के वाइस प्रेजिडेंट और ग्लोबल हेड तथा आयोजन के विशिष्ट अतिथि श्री आलोक कुमार के द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। टीसीएस आईटी विज इस साल भारत में १५ स्थानों पर आयोजित किया गया . अहमदाबाद बेंगलूरु भुवनेश्वर चेन्नई कोयम्बटूर दिल्ली हैदराबाद इंदौर कोच्चि कोलकाता लखनऊ मुंबई नागपुर पुणे और विशाखापत्तनम। आईटी विज इस साल विशाखापट्टनम में अपनी शुरुआत कर रहा है।एक ज्ञान पहल के तौर पर १९९९ में शुरू किया गया टीसीएस आईटी विज कक्षा ८-१२ के छात्रों के लिए भारत का सबसे बड़ा इंटर . स्कूल आईटी क्विज है। इस क्विज का लक्ष्य आईटी कौशल के महत्व पर जोर और इसके प्रति जागरूकता का निर्माण करना है। यह विद्यार्थियों को एक नए दृष्टिकोण के साथ प्रौद्योगिकी को देखने में सक्षम बनाता है। आज के समाज और अर्थव्यवस्था में आईटी एक अभिन्न भूमिका निभाता है और विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के लिए यह एक महत्वपूर्ण आधार है। कंप्यूटर विज्ञान और आईटी को प्रभावी पूरक मानते हुए ही क्विज का आधार तय किया जाता है क्योंकि इसके लिए शोध कर तैयार किया गया ज्यादातर क्विज शैक्षणिक क्षेत्रों से परे होता है ताकि विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों से अलग कुछ और देखने की भी जरूरत हो।

ट्विपोर्टिंग क्षेत्रीय स्तर के फाइनल में सभी प्रतिभागियों के लिए एक ट्विटर प्रतियोगिता थी जिसमें सबसे ज्यादा ट्वि-वट के साथ शीर्ष के दो ट्विपलों को सेल्फी स्टिक, पेनड्राइव और हेडफोन दिया गया। ट्विटर प्रतियोगिता में ५५८५ ट्विट किए गए।

ट्विट करें अंक जीतें: ट्विटर प्रा-तियोगिता में प्रत्येक ट्वीट के साथ अंक जीतने के भी सिस्टम को शामिल किया गया है। १५ शहरों के शीर्ष के तीन स्कोरर (३१ जुलाई से १० दिसंबर तक) खुद के लिए क्रमशः १५०००, १०००० और ५००० रुपये के गिफ्ट वाउचर जीत पाएंगे। कोई भी कंपनी को ट्विटर पर फॉलो कर सकते हैं। (@TCSITWiz) अन्य स्थानों के छात्रों की सुविधा के लिए क्षेत्रीय स्तर के फाइनल के लाइव वेबकास्ट का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय स्तर के फाइनल की वेबस्ट्रीमिंग को देखा जा सकता है (@WWW.tcsitwiz.com)

टीसीएस आईटी विज प्रारूप : यह क्विज मंच ने इस समय के तकनीकी रुझान को अपना आधार बनाया जिसका दुनिया भर में भारी प्रभाव देखने को मिलेगा। जो छात्र इस क्विज में भाग लेते है उन्हें भविष्य में इन प्रौद्योगिकियों को समझने से लाभ होगा। एनीमेशन आधारित अद्वितीय फॉरमेट वाले क्विज सॉफ्टवेयर को क्विजमास्टर पिक ब्रेन और उसकी टीम ने तैयार किया था। ये राउंड थे।